छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल

पी–3, 244,245, सेक्टर 27, हाउसिंग बोर्ड कालोनी नया रायपुर
ईमेल– usecretaryboc@gmail.com, phone No. 2971063

क्रमांक / बीओसी / प्रर्व0 / 2017 / 2605 नया रायपुर, दिनांक 06/03/2017

प्रति,

सहायक श्रमायुक्त / श्रम पदाधिकारी
जिला..

विषय : छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल की योजनाओं के आवेदन संकलित करने बाबत् ।

———000———

विषयांतर्गत् छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के आवेदन, वर्तमान में श्रम विभागीय आदेश कमांक 69 दिनांक 06.08.2015 द्वारा जिला में कार्यरत सीएससी सेंटर एवं श्रम कार्यालय के माध्यम से लिये जाने का निर्देश दिया गया था किन्तु यह ज्ञात हुआ है कि वर्तमान में सीएससी सेंटर दिनांक 21.02.2017 से 06.03.2017 तक कोई कार्य नहीं करेगा । ऐसे स्थिति में मण्डल द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राही आवेदन नहीं कर सकने के कारण योजना के लाभ से वंचित हो जावेंगे ।

चूँकि मण्डल द्वारा संचालित योजनाओं के आवेदन समय–सीमा के भीतर प्रस्तुत करना होता है । अतः योजनाओं की समय सीमा को ध्यान में रखते हुये निर्देशित किया जाता है कि जिले में पंजीकृत श्रमिक श्रम कार्यालय / सीएससी केन्द्र के अतिरिक्त कहीं से भी स्वतंत्र रूप से योजना के आवेदन नियमानुसार कर सकते हैं ।

सचिव,
छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण
कर्मकार कल्याण मण्डल

पृ.क्रं. / बीओसी / नि0 स0 / 2017 / 2606-2608 रायपुर दिनांक 06/03/17

प्रतिलिपि,

1. अध्यक्ष, छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित ।
2. प्रमुख सचिव, छ0ग0 शासन श्रम विभाग की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित ।
3. श्रमायुक्त सह मुख्य निरीक्षक, छत्तीसगढ़ की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित ।

6/3/17

सचिव,
छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण
कर्मकार कल्याण मण्डल